**खबर संक्षेप**



### राजपथ पर परेड बैंड दल का प्रतिनिधित्व करेगी आश्वि अग्रवाल

**कटनी।** नगर के दुबे कॉलोनी कटनी निवासी आशीष अग्रवाल एवं सुधा अग्रवाल की बेटी आश्वी अग्रवाल गणतंत्र दिवस पर राजपथ पर परेड बैंड दल का प्रतिनिधित्व करेगी। आश्वि अग्रवाल बिरला विद्यापीठ पिलानी राजस्थान के कक्षा नौ वी की छात्रा है। बैंड में कुल 51 सदस्य है एवं विद्यालय की छात्राएं विगत 65 वर्षों से गणतंत्र दिवस के परेड में शामिल हो रही है। इन छात्राओं को 65 प्रकार की धुनें सिखाई गई है, जिसे वे हमारे देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवम फ्रांस के राष्ट्रपति के समक्ष प्रस्तुत करेंगी।

### युवक पर किया हमला, जांच में जुटी पुलिस

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र के बंगला लाइन में चार युवकों ने एक व्यक्ति को पुरानी रंजिश के चलते लाठी डंडों से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। जानकारी के अनुसार बंगला लाइन निवाशी 44 वर्षीय लल्लू वंशकार गत दिवस अपने घर से कही जा रहा था तभी दर्शन, सुशील, पंकज अमन नामक युवकों ने लाठी डंडों से हमला कर दिया। माधवनगर पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच की जा रही।

### बैगा समुदाय के 116 पक्के आवासों का होगा निर्माण

**कटनी।** प्रधानमंत्री आदिवासी न्याय महा अभियान के अंतर्गत जिले के ढीमरखेड़ा और बड़वारा विकासखंडों की पिछड़ी जनजाति के बैगा समुदाय के 116 परिवारों के स्वयं के पक्के मकान बनने का सपना शीघ्र साकार होने को है। कलेक्टर अवि प्रसाद के मार्गदर्शन में जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा और बड़वारा के क्रमशः 112 और 4 परिवारों को पक्के आवास के निर्माण की स्वीकृति जारी की है। जिला सीईओ श्री गेमावत ने बताया कि 11 ग्रामों में सर्वेक्षण हेतु गठित दलों के द्वारा डोर टू डोर जाकर आवास पात्रता का चयन किया गया। जिला पंचायत सीईओ ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि पीएम जनमन अभियान के तहत प्रत्येक आवास की लागत दो लाख रुपए के अतिरिक्त बारह हजार रुपए शौचालय निर्माण हेतु एवं मनरेगा अंतर्गत 90 से 95 दिवस की कुशल मजदूरी भी देय होगी। पक्के आवास हेतु स्वीकृत 2,00,000 की राशि हितग्राहियों को चार किश्तों में पचास पचास हजार रुपए प्रति किश्त प्रदाय की जाएगी। उन्होंने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार अविलंब स्वीकृत परिवारों को किश्तों के माध्यम से राशि उपलब्ध कराई जाकर पक्के आवास निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ होगी और पात्र हितग्राहियों के स्वयं के पक्के आवास होने का सपना पूरा होगा।

### सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन आज

**कटनी।** स्वामी विवेकानन्द के जन्मदिवस ''युवा दिवस'' के उपलक्ष्य में शुक्रवार 12 जनवरी को सामूहिक सूर्य नमस्कार के जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधवनगर कटनी में प्रातः 9 बजे से 10:30 बजे तक किया जायेगा। जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह द्वारा प्राचार्य, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधव नगर को कार्यक्रम का नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाकर युवा दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम से संबंधित समस्त आवश्यक व्यवस्थायें एवं आमंत्रण-पत्र तैयार कर जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों तथा जिले के समस्त विभाग प्रमुखें को अपने स्तर प्रेषित करने के निर्देशित किया है।

## चाका बायपास में कुठला पुलिस ने की कार्यवाही, दो लोगों पर एफआइआर दर्ज

# 405 भेड़ और बकरियों के अवैध रूप से परिवहन पर ट्रक किया गया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



भेड़ व बकरियों को ठूंस ठूंस कर अवैध रूप से परिवहन करने पर कुठला पुलिस ने ट्रक को जब्त किया है तथा दो लोगों पर मामला पंजीबद्ध किया गया है। कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि पुलिस कप्तान अभिजीत रंजन के मार्गदर्शन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती ख्याति मिश्रा के निर्देशन में कार्यवाही की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि गत रात्रि बायपास चाका मेन रोड पर मुखबिर की सूचना के आधार पर बकरियां लेकर जा रहे एक ट्रक को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए ट्रक क्रमांक MH31FC8199 में कुछ लोग क्षमता से अधिक मात्रा में बकरा, बकरी, भेडो को ढूंस ढूंस कर भरकर एक राज्य से दूसरे राज्य के लिये परिवहन कर रहे थे। सूचना पर थाना प्रभारी कुठला निरी. अभिषेक चौबे ने उप निरी. के. के. सिंह को कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया।

चाका बायपास मेन रोड पर सतना मैहर तरफ से आ रहे ट्रक को रोककर चालक से उसका नाम पूंछा। जिसने अपना नाम सुधीर चौधरी पिता शीतल प्रसाद चौधरी उम्र 33 साल निवासी कुलगढी थाना नागौद जिला सतना का रहने वाला तथा ट्रक में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम राजेश खटीक पिता किशन खटीक उम्र 42 साल निवासी हरदुआ मोहल्ला नागौद जिला सतना का रहने वाला बताया। ट्रक को चेक करने पर ट्रक में भेड, बकरा बकरी भरे हुये थे। जिसे ट्रक से उतरवाकर उनकी गिनती की गयी जिसमें 75 नग बकरी, 310 नग बकरा एवं 20 नग भेड़ कुल 405 नग जानवर ट्रक में मात्रा से अधिक क्रूरतापूर्वक भरे हुये मिले।

ट्रक चालक उक्त बकरा बकरी भेडो को कुलगढ़ी नागौद जिला सतना से लेकर नागपुर की तरफ ले जा रहा था। ट्रक चालक से भेड बकरी खरीदने बेंचने के कागजात एवं परिवहन करने के कागजात मांगने पर कोई दस्तावेज पेश नहीं किया। ट्रक के चालक एवं ट्रक में बैठे व्यक्ति द्वारा बकरा बकरी भेडो को भूखे प्यासे रखकर क्रूरतापूर्वक क्षमता से अधिक मात्रा में ट्रक में भरकर एक राज्य से दूसरे राज्य तक अवैध रुप से परिवहन करना पाया गया। ट्रक में भरे कुल 405 नग बकरा बकरी भेड भूख प्यास के कारण चलने फिरने में असमर्थ हो गये थे जिन्हे मौके पर जप्त किया गया तथा जप्तशुदा पशुओं को लमतरा स्थित बाडा में सुरक्षित रखवाया गया तथा जिस ट्रक में उक्त बकरा, बकरी, भेड का परिवहन किया जा रहा था।

उक्त ट्रक को थाना लाकर सुरक्षित रखा गया है। आरोपियो द्वारा उक्त अपराध घटित करना पाये जाने से आरोपी राजेश खटीक एवं सुधीर चौधरी के विरुद्ध धारा एवं 11 (घ) पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 66/192 मोटर व्हीकल एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया है।

कार्रवाई में निरीक्षक अभिषेक चौबे के नेतृत्व में उप निरी. के.के. सिंह, सउनि तीरथ तेकाम, प्र.आर. सुनील पाण्डेय, राहुल मिश्रा, रामेश्वर सिंह, रामश्रय सिंह, दिवाकर ओझा, आर. शिशिर पाण्डेय ने प्रमुख भूमिका निभाई।



# अयान कप की विजेता बनी बघराजी की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलौड़ी

सिलौंडी में चल रही अयान कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आज फाइनल मुकाबला सिलौंडी और बघराजी के बीच खेला गया । जिसमें बघराजी सनी क्रिकेट क्लब ने सिलौंडी स्टार क्रिकेट क्लब को 109 रन हराकर जीत लिया । पहले बल्लेबाजी करते हुए बघराजी की टीम ने 16 ओवर में 242 रन बनाए ।जिसमें बघराजी के विनीश ने 89रन की बहुत महत्वपूर्ण पारी खेली । जवाबी पारी खेलते हुए सिलौंडी की पूरी टीम 133 पर ऑल आउट हो गई । जिसमें राजन शर्मा ने 44 रन की पारी खेली है समापन कार्यक्रम में आयन रिंकू राय , जनपद सदस्य प्रतिनिधि पंडित रवि अवस्थी ,सरपंच पंचो संतोष कुमार ,अमित राय जिला मीडिया प्रभारी भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ,उपसरपंच राहुल राय , पाली सरपंच दीनू पंच पुनीत सेन विजेता टीम को 31000 रुपया एवँ शील्ड देकर सम्मानित किया है । विजेता की राशि आयन योगेश राय ने प्रदान की है । इसी तरह उपविजेता को भी 15000 रुपया एवँ शील्ड देकर सम्मानित किया गया । प्रवीण काछी अतरसुमा की तरफ से मैच ऑफ दा सीरीज आतिश साहू को सम्मानित किया । प मैच में अंपायर अन्नू राय एवं अरुण राय रहे ।

इस दौरान पंच नितिन राय , पंच श्यामदत्त राय ,पंच रघुवीर सिंह ,केश लाल सेन ,प्रवीण काछी ,रोहणी महाराज ,अमित काछी , श्रवण अवस्थी संतोष काछी ,रोहित साहू आदि की उपस्थिति रही।

**खाद के उपयोग से फल व अनाज उत्पादन में होती है वृद्धि**

# गोबर कंपोस्ट एवं केंचुआ खाद निर्माण एवं उपयोग के संबंध में दिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर अरुण कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ सुमन पुरवार के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा स्वरोजगार स्थापित करने के लिए जैविक खेती का प्रशिक्षण विद्यार्थियों को दिया जा रहा है।

गुरूवार को प्रशिक्षण के क्रम में विद्यार्थियों को ग्राम में उपलब्ध कचरा गोबर से कम लागत तकनीकी के अंतर्गत गोबर कंपोस्ट एवं केंचुआ खाद निर्माण तथा फसलों में उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया। बिना गोबर कंपोस्ट बनाएं अधसड़ा गोबर खेत में डालने से नींदा एवं दीमक में वृद्धि तथा पोषक तत्वों की कमी से फसल उत्पादन कम होता है। चार माह में तैयार होने वाली गोबर कंपोस्ट को 20 से 25 टन प्रति हेक्टर उपयोग करने की सामान्य एवं इंदौर विधि की तकनीकी जानकारी का प्रशिक्षण दिया गया। केंचुआ खाद बनाने के लिए आइसीनिया फोटिडा केंचुआ कचरा गोबर को 30 से 45 दिन में खाद बना देते हैं। प्रति एकड़ 8 से 10 क्विंटल केंचुआ खाद का उपयोग करते हैं जिसमें सभी पोषक तत्व पाए जाते हैं। केंचुआ खाद के उपयोग से भूमि की गुणवत्ता में सुधार जल धारण क्षमता में वृद्धि तथा कीट एवं रोग कम लगते हैं। फलों सब्जियों एवं अनाजों का उत्पादन बढ़ जाता है पौष्टिक स्वाद रंग एवं आकार अच्छा हो जाता है।

## भनपुरा चंडी मेले में ग्रामीणों ने उठाया लुत्फ



पौष मास की अमावस्या पर उमरियापान के समीपी गांव भनपुरा में गुरुवार को चण्डी मेले का आयोजन हुआ ।इस मौके भक्तों ने चण्डी माता का पूजन किया । गांव व आसपास के गांवों के बच्चे, बूढ़े, महिलाएं सहित अन्य लोगों ने चंडी मेले में पहुँचकर मनोरंजन के साधनों का भरपूर आनंद उठाया ।देरशाम ग्वालों की टोलियों ने आकर्षक वेशभूषा में ग्वाल नृत्य प्रस्तुत किया । जिसे देखने बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ी ।इस मौके पर लोगों ने चण्डी मेले में मिट्टी के बने खिलौने की दुकानें,गन्ने, सिंघाड़ा, मिठाई की दुकानें, फैंसी समानों के स्टॉलों में पहुँचकर उपयोगी सामग्री की खरीदी किया ।शाम को ग्रामीणों ने अपने घरों में देवी देवताओं की पूजा- अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की ।

# छात्रावास बिल्डिंग शीघ्र प्रारंभ करने सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वर्षों से बनकर तैयार शासकीय आईटीआई कालेज एनकेजे कटनी की छात्रावास बिल्डिंग प्रारंभ ना होने से छात्रों में आक्रोश व्याप्त है, जिसे लेकर एनएसयूआई अध्यक्ष शुभम मिश्र, छात्र नेता अजय खटिक एवं अभिषेक प्यासी के संयुक्त तत्वाधान में कलेक्टर को संबोधित ज्ञापन संयुक्त कलेक्टर को सौपा गया।



### हो रही परेशानी

जानकारी देते हुए संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले अनेकों वर्षों से आईटीआई बिल्डिंग बनकर तैयार है,मामूली सुविधाओं का हवाला देकर बिल्डिंग को प्रारंभ नहीं किया जा रहा है, जिससे छात्रों को असुविधा का सामना करना पड़ता है जिसे एनएसयूआई ने अत्यंत गंभीरता से लेकर ज़िला प्रशासन को अवगत कराया है, भाजपा सरकार की छात्र विरोधी नीतियों से निरंतर लड़ाई सड़को पर लड़ी जायेगी एवं जल्द माँग पूरी ना होने पर उग्र आंदोलन करेंगे।

इस दौरान प्रिंस वंशकर, शुभम अहीरवार, प्रमोद कहार, अनुराग पटेल, प्रज्ज्वल साहू, सौरभ पांडेय, ऋषभ परोहा, संदीप बरमन ,आलम ख़ान, रूपांशु त्रिपाठी, सत्यम द्विवेदी, अभय पांडेय, सौरभ पाठक , हेमा चौधरी सहित अन्य छात्र एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी**

# कलेक्टर ने धान उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विपणन वर्ष 2023-2024 हेतु जिले भर के चिन्हित उपार्जन केन्द्रों में धान उपार्जन का कार्य अनवरत जारी है। कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा गुरूवार को विकासखण्ड विजयराघवगढ़ के धान उपार्जन केन्द्र सिनगौड़ी में किये जा रहे धान खरीदी कार्य एवं वहां की व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया गया।



निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री प्रसाद नें उपार्जन केंद्र में मौजूद किसानों से भी रूबरू चर्चा करते हुए उनसे तुलाई एवं नमी के संबंध में आनें वाली परेशानियों की जानकारी ली। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं केन्द्र प्रभारी से केंद्र में अब तक धान का विक्रय करनें वाले किसानों की संख्या, भुगतान की स्थिति के साथ ही, स्लॉट की बुकिंग एवं धान के परिवहन आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने उपार्जन केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया कि निर्धारित मानक के अनुसार ही धान उपार्जित करें । साथ ही यह सुनिश्चित करें कि केवल किसानों की ही धान खरीदी हो।

निरीक्षण के दौरान जिला आपूर्ति अधिकारी बालेन्द्र शुक्ला सहित तहसीलदार नितिन पटेल, नायब तहसीलदार पी के वर्मा और मध्य प्रदेश वेयरहाउस कार्पोरेशन के महाप्रबंधक श्री सेंगर और अन्य अधिकारी एवं कृषक मौजूद रहे।

### शिक्षा विभाग की विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक

**कटनी।** कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी में गुरूवार को विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान भृत्य संवर्ग के प्रथम समयमान वेतनमान नियमित 11, एवं प्रथम समयमान वेतनमान आकस्मिक भृत्य - 01 तथा द्वितीय समयमान वेतनमान नियमित -14 एवं द्वितीय समयमान वेतनमान आकस्मिक भृत्य -01 इस प्रकार कुल -27 भृत्यो को उक्त लाभ के लिए पात्र पाया गया। जिसके फलस्वरुप कार्यालय द्वारा 11 जनवरी को संबंधितों के आदेश जारी किये गये है।

## यातायात विभाग द्वारा प्रारंभ किया गया सड़क सुरक्षा सप्ताह आयोजन

# स्कूल, कॉलेजों में विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत यातायात विभाग के द्वारा जागरूकता के लिए विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सप्ताह के प्रथम दिन गुरूवार को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज कटनी में सड़क सुरक्षा संबंधित गतिविधियां आयोजित की गई। इस दौरान छात्र-छात्राओं के लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस भी बनवाने की प्रक्रिया संपन्न कराई गई।

आयोजित किए गए कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी देते हुए अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विमलेश कुमार गुप्ता ने बताया कि सड़क सुरक्षा सप्ताह के प्रथम दिन शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा से संबंधित सड़क पर लगे विभिन्न संकेतों के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में छात्र-छात्राओं को परिवहन विभाग के सारथी पोर्टल व लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर में 30 छात्र-छात्राओं द्वारा लर्निंग लाइसेंस के आवेदन किए गए। उन्हें हेलमेट संबंधी व यातायात के नियमों की जानकारी भी प्रदान की गई।





### नियमों का करें पालन

डीपीएस स्कूल में भी सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। यहां पर छात्र-छात्राओं को सड़क पर लगे विभिन्न संकेतों के विषय में जानकारी देते हुए यातायात के नियमों से अवगत कराया गया। साथ ही उन्हें हेलमेट सहित सभी नियमों का पालन करने की समझाइस दी गई।

पॉलिटेक्निक कॉलेज एवं डीपीएस में आयोजित किए गए कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विमलेश गुप्ता के अलावा यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे, कॉलेज प्राचार्य नरेंद्र बलकेरकर, नेहरू युवा केंद्र से राजकुमार अग्रवाल व कॉलेज के छात्र-छात्राओं की मौजूदगी रही।

# कॉलेज चलो अभियान के तहत छात्रों को दी गई कई जानकारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा



शासकीय महाविद्यालय उमरिया पान की टीम ने कॉलेज चलो अभियान अंतर्गत हसरकारी और निजी स्कूलों में पहुँचकर विद्यार्थियों से सम्पर्क शुरू कर दिया है। महाविद्यालय प्राचार्य ड़ॉ आरती धुर्वे के निर्देशन और नोडल अधिकारी दीपिका जैन के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकों की टीम ने सरकारी और निजी स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों को नवीन सत्र 2024-25 में प्रवेश संबंधित जानकारी दी। साथ ही नवीन शिक्षा नीति 2020 के बारे में भी बताया।

महाविद्यालय में शासन द्वारा दी जाने वाली विभिन्न योजनाओं जैसे छात्रवृत्ति, गांव की बेटी व छात्रों को शासन द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में भी अवगत कराया। विभिन्न संकायों में प्रवेश प्रक्रिया एवं स्नातक पाठ्यक्रमों से डिग्री प्राप्त कर रोजगार के अवसरों के जानकारी भी दी। इस दौरान सहायक प्राध्यापक ड़ॉ.दिव्या शुक्ला, रहवर रजा मंसूरी, ड़ॉ अरुणादास,सोनम साहू, जयश्री शुक्ला सहित अन्य सहायक प्राध्यापकों ने अभियान की जानकारी छात्रों को दी।

## खबर संक्षेप



### खेल मैदान में कक्ष निर्माण का भूमिपूजन

**उमरियापान।** खेल प्रोत्साहन के लिए उमरियापान स्थित अंधेलीबाग खेल मैदान में डीएमएफ मद से बैठक व्यवस्था हेतु 20 लाख की लागत से कक्ष का निर्माण किया जाएगा। शहडोल सांसद श्रीमति हिमाद्री सिंह ने बुधवार को इसका भूमिपूजन किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, केडीए अध्यक्ष पीतांबर टापनानी, प्रतिनिधि पदमेश गौतम, सरपंच अटल ब्यौहार, उपसरपंच जागेश्वर सोनी, गोविंद प्रताप सिंह, सचिव सतीश गौतम, संतोष पौराणिक, जीआरएस अतुल चौरसिया आदि उपस्थित रहे। गौरतलब है खेल मैदान में लंबे समय से कक्ष निर्माण की माँग की जा रही थी। कक्ष निर्माण होने के बाद स्पर्धाओं दौरान खिलाडियों को बैठक व्यवस्था व ठहरने की सुविधा मिलेगी। वहीं खेल प्रेमियों की माँग पर सांसद ने खेल मैदान के चारों ओर दर्शक दीर्घा के निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार कराने के निर्देश ढीमरखेडा जनपद सीईओ को दिए।

### जिला स्तरीय सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आज

**कटनी।** स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी 2024 को जिला स्तरीय सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन म.प्र. शासन स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वाधान में किया जाना है। जिसकी पूर्व तैयारी हेतु बुधवार को अपर कलेक्टर श्रीमति साधना कमलकांत परस्ते की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधवनगर कटनी में आयोजित किये जाने की सहमति दी गयी एवं विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में अधिकारी, जन प्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक एवं विद्यालय के छात्र-छात्रायें द्वारा योग में अपनी सहभागिता दी जायेगी। जिसके लिये नोडल अधिकारी, एम. किड़ो, प्राचार्य शाास. उत्कृष्ट उ.मा.वि. माधवनगर कटनी को सर्व संबंधितों को सूचित करने तथा कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु समस्त व्यवस्थायें सुनिश्चित करने को कहा गया । उक्त बैठक में पी.पी. सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी कटनी, एम. किड़ो, प्राचार्य, शास. उत्कृट उ.मा.वि. माधवनगर कटनी, श्रीमति एम. पी. डुंगडुंग प्राचार्य डाइट कटनी, वंशश्री कुवैती महिला सशक्तिकरण अधिकारी कटनी, पतंजलि योग समिति कटनी अभिलाष गौतम भी उपस्थित रहे।

### पीबीजीटी कार्यक्रम के दौरान खुदाई, टैंचिंग पर रोक लगाने आदेश

**कटनी।** अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, आयुक्त, नगर पालिक निगम उप महाप्रबंधक, भारत संचार निगम लिमिटेड अधीक्षण यंत्री, उर्जा विभाग, कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग, मप्र सडक विकास परिवहन, कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी को 12 जनवरी 2024 से कार्यक्रम के समापन तक की अवधि में किसी भी प्रकार की खुदाई/टेंचिग कार्य को तत्काल रोका रोकने हेतु निर्देशित किया गया है। अधीक्षण यंत्री, मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को निर्देशित किया गया है कि बी०एस०एन०एल० के दूरभाष केन्द्रों में सतत विद्युत आपूर्ति संचालित किये जाने का आग्रह किया है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री भारत सरकार के द्वारा जबलपुर संभाग में पीबीजीटी के तहत ग्रामीण चयनित क्षेत्र में संवाद कार्यक्रम जनवरी 2024 के द्वितीय सप्ताह में प्रस्तावित है। उपरोक्त कार्यक्रम के दौरान 12 जनवरी से कार्यक्रम के समापन तक जिले के ढीमरखेडा पानउमरिया, सिहोरा तथा कटनी एवं जबलपुर में निर्वाध संचार सेवाओं के लिए संबंधित मार्गो पर किसी भी विभाग, इकाईयों द्वारा ओ.एफ. केबल को क्षतिग्रस्त होने से बचाने हेतु किसी भी प्रकार की खुदाई का कार्य नहीं करनें के निर्देश दिए गए है।

## कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा की जा रही कार्यवाही

# रेत के ओवर लोड परिवहन पर 3 हाइवा वाहनों पर 1.30 लाख रूपये का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद नें खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामलों में गंभीरता से कार्यवाही करने के निर्देश खनिज विभाग को दे रखें है। कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा ओव्हर लोड रेत का अवैध परिवहन के तीन मामलों पर कार्यवाही की जाकर 1 लाख 30 हजार 250 रूपये का प्रशमन शुल्क जमा कराया गया है। खनिज अधिकारी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार विगत 5 जनवरी को स्लीमनाबाद में आकस्मिक निरीक्षण के दौरान वाहन हाईवा क्रमांक एम.पी. 20 जेड.एफ.-7138 से अनावेदक परिवहनकर्ता वाहन चालक, मालिक अखिलेश यादव पिता सुम्मत यादव निवासी टिकरिया तहसील कुंडम जिला जबलपुर 2..25 धनमीटर ओवर लोड रेत का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर जप्त किया गया था।

इसी तरह एक अन्य प्रकरण मे हाईवा वाहन क्रमांक एम.पी. 20 जेड.एफ.-7863 से अनावेदक परिवहनकर्ता वाहन चालक, मालिक जोतिश वासुदेव पिता भागीरथ वासुदेव निवासी कुहारी पटेरा जिला दमोह 2..00 धनमीटर ओवर लोड रेत का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर जप्त किया गया था। जबकि हाईवा वाहन क्रमांक एम.पी. 20 जेड.डी.-7463 से अनावेदक परिवहनकर्ता वाहन चालक, मालिक सत्यम आदिवसी पिता मनीकलाल आदिवासी निवसी जुजावल तहसील बहोरीबंद जिला कटनी 2..00 धनमीटर ओवर लोड रेत का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर जप्त किया गया था।

कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश पर खनिज अधिकारी द्वारा प्रकरण पर कार्यवाही की जाकर अनावेदक को सूचना पत्र जारी किया गया। जिसपर तीनों प्रकरणों में अनावेदकों द्वारा प्रशमन शुल्क 1 लाख 30 हजार 250 रूपये जमा करने के पश्चात मध्यप्रदेश गौण खनिज नियम 2022 के नियम 20 के अनुसार वाहन मुक्त करनें की कार्यवाही की गई।

### 450 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 35 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जप्त

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशन में एवं जिला आबकारी अधिकारी आर.के. बघेल के मार्गदर्शन में गत दिवस मदिरा के अवैध निर्माण, संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय पर नियंत्रण करने के लिए आबकारी वृत्त कटनी क्रमांक 03 में दबिश दी गई।



आबकारी अधिकारी श्री बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि आबकारी वृत्त कटनी क्रमांक 03 के कटंगी कलां, कटगी खुर्द, झलवारा, देवरी हटाई, सलैया, टेडी, बिचपुरा, में मदिरा का अवैध रुप से निर्माण संग्रहण एवं विक्रय कर रहे लोगों के विरुद्ध आबकारी की टीम बी द्वारा की गई दबिश के दौरान कुल जप्ती 450 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 35 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जप्त कर कुल 06 न्यायालयीन प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत पंजीबद्ध किये गये। मौके पर महुआ लाहन का सैंपल लिया जाकर नष्ट किया गया। कार्यवाही के दौरान जप्त किये गये लाहन एवं मदिरा की अनुमानित राशि लगभग 50 हजार रूपये है।

उक्त कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक अभिषेक सिंह बघेल, सुश्री मोना दुबे, केशव प्रसाद उईके, आबकारी आरक्षक शिवमूरत नामदेव, राजेश गौटिया, चन्द्रप्रकास त्रिपाठी, कु प्रियका बोरकर, का विशेष योगदान रहा। इस प्रकार की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।



# समय पर मिले मदद, चस्पा किये जा रहे हेल्पलाइन नंबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सड़क हादसे के समय कई बार ऐसा देखने में आता है कि समय पर मदद न पहुंचने के कारण कई बार हादसे में लोगों की जान चली जाती है। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देश पर यातायात विभाग द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर मौजूद होटलों एवं ढाबों में हेल्पलाइन नंबर के पॉम्पलेट चस्पा किए जा रहे हैं।

यातायात विभाग द्वारा किए जा रहे इस प्रयास के संबंध में जानकारी देते हुए यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर कई बार ऐसी घटनाएं होती हैं जिसमें समय रहते इलाज न मिल पाने के कारण लोगों की जान चली जाती है। इस बात को ध्यान में रखकर पुलिस अधीक्षक श्री रंजन के द्वारा हेल्पलाइन नंबरों को लगाने के लिए निर्देशित किया गया था। जिसके तहत गुरूवार को कटनी के आसपास से होकर गुजरने वाले राजमार्गों में मौजूद होटलों एवं ढाबों में हेल्पलाइन नबारों के पंपलेट चस्पा किए गए हैं। चस्पा किए गए पेंपलेट में एंबुलेंस, समीपवर्ती थाने का नंबर, हॉस्पिटल, ट्रैफिक थाने का नंबर, हाईवे पेट्रोलिंग, डायल 100 सहित अन्य महत्वपूर्ण नंबर दर्ज कराए गए हैं। पंपलेट चस्पा करने के साथ ही होटल एवं ढाबों के संचालकों को यह भी समझाइस दी जा रही है कि किसी भी हादसे की स्थिति में वे इन नंबरों पर तत्काल मदद के लिए सूचना दें, जिससे समय रहते लोगों को सुरक्षित बचाया जा सके।

**पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से किया जा रहा लाभांवित**

# 6 जनपद पंचायतों की 12 ग्राम पंचायतों में पहुंची, योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जा जाकर आमजनों को केन्द्र और राज्य शासन की योजनाओं की जानकारी प्रचार रथ से रोचक गीतों एवं आर्कषक कार्यक्रमों के माध्यम से दी जा रही है। केंद्र शासन की योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने के उद्देश्य से निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा गुरूवार को जिले की 6 जनपद पंचायतों की 12 ग्राम पंचायतों में पहुंची। यात्रा के दौरान आयोजित हुए शिविरों में आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री



आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा एवं वृद्धावस्था पेंशन योजना तथा बैंकों से जुडी प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, अटल पेंशन योजना एवं अटल पेंशन योजना के अलग-अलग स्टॉल लगाये गये।

शिविरों के दौरान स्थानीय नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों की ई-केवायसी करने, आधार लिंकिंग, आधार अपडेशन एवं आधार रजिस्ट्रेशन के लिये भी स्टॉल लगाये गये थे। इसके साथ ही यात्रा के साथ चल रहे प्रचार रथ से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सन्देश का प्रसारण किया गया। लोगों को भारत को विकसित बनाने का संकल्प भी दिलाया गया। केंद्र की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर चुके हितग्राहियों ने अपने अनुभव भी सुनाये।

विकसित भारत संकल्प यात्रा गुरूवार को जनपद पंचायत बड़वारा की ग्राम पंचायत कुआं व बरमानी, जनपद पंचायत बहारीबंद की ग्राम पंचायत बरही व रामपाटन, जनपद पंचायत ढ़ीमरखेडा की ग्राम पंचायत देवरी मंगेली व घुधरी, जनपद पंचायत कटनी की ग्राम पंचायत पडरिया व कैलवारा कलां, जनपद पंचायत रीठी की ग्राम पंचायत तिलगवा व पौडी और जनपद पंचायत विजयराघवगढ की ग्राम पंचायत घुनौर व बरहटा पहुंची।

## राज्य स्तरीय प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन



शास. माध्य शाला भुड़सा में राज्य स्तरीय प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमे कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों के द्वारा विज्ञान, सा.विज्ञान, गणित एवम पर्यावरण विषय पर कई मॉडल और चित्र साझा किए गए, इसके बाद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का चयन किया गया। जिनमें विज्ञान–दीपाली, सा.विज्ञान–रूक्मणी प्रजापति, पर्यावरण– शबनम रूपा, गणित – कृष्णा महोबिया, आर्या गोशवामी, लीलावती का चयन किया गया।इस मौके पर विद्यालय के प्रभारी संजय सिंह राजपूत, श्रीमती यशोदा कोरी, सत्यव्रत शर्मा, ओमकार दुबे, अनुज, कुलेंद्र, कीर्तिनंदन, स्वेता पाठक, रानी रजक, राजेश यादव, लालसा गुप्ता, नित्या तिवारी, प्रेमलता तिवारी उपस्थित हुए।

# प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत ग्राम शिल्पियों के कल्याण के लिए प्रशिक्षण सत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राज्य शासन की मंशा के अनुसार जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत के निर्देश पर गुरुवार को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत जिले के समस्त विकासखंडों में ग्राम शिल्पियों के कल्याण, रोजगारोन्मुखी और पंजीयन के लिए ग्राम पंचायतों के सरपंच,सचिवों और ग्राम रोजगार सहायकों को मास्टर ट्रेनर्स द्वारा विस्तार से जानकारी देते हुए प्रशिक्षण प्रदान किया गया।



प्रशिक्षण में परंपरागत व्यवसाय में लगे कारीगरों एवं शिल्पकार जैसे बढई, लोहार, नाव, कवच ,ताला बनाने वाले, हथोड़ा एवं टूल किट निर्माता, मूर्तिकार,पत्थर तोड़ने वाले, मोची, नाई,सोनार, राज मिस्त्री, माली, धोबी,दर्जी तथा मछली पकड़ने का जाल बनाने वाले ऐसे 18 व्यवसाय में लगे कारीगरों के व्यवसाय में उनकी क्षमता एवं उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से शासन के द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना लागू की गई है,जिसके तहत उपरोक्त व्यवसाय में लगे हुए व्यवसाईयों को शासन के द्वारा व्यावसायिक प्रशिक्षण, टूल किट एवं 2 लाख तक के ऋण की उपलब्धता कराए जाने ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में इन रोजगार मूलक काम धंधों में प्राप्त आवेदन पत्रों की निर्धारित पोर्टल पर प्रक्रिया पूर्ण करने के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रशिक्षणार्थियों को दी गई। प्रशिक्षण के दौरान जनपद पंचायत के सीईओ प्रदीप सिंह, चंदूलाल पनिका,आर के तिवारी ,मास्टर ट्रेनर जग्गी पटेल,नीरज जैन, सपन चतुर्वेदी मौजूद रहे।

**संत नगर सिद्ध बाबा मंदिर में चल रही श्रीमद भागवत कथा**

# भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण का मनाया गया जन्मोत्सव, बनाई झांकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जब-जब धर्म की हानि होती है और अत्याचार बढ़ते हैं, भगवान अवतरित होते हैं। कंस के अत्याचार बढ़े और जब उसे पता लगा कि माता देवकी की कोख से जन्म लेने वाली आठवीं संतान उसका काल बनेगी तो उसने अपनी बहन व बहनोई को ही कारागाह में डाल दिया। सात संतानों को उसने जन्म लेते ही मार दिया लेकिन जब भगवान धरा पर अवतरित हुए तो माता-पिता की हथकड़ी बेड़ियां खुल गईं और पहरेदार सो गए। कारागाह के दरवाजे अपने आप खुल गए। तेज बारिश शुरू हो गई ताकि लोग अपने घरों से बाहर न निकल सकें। पिता वासुदेव भगवान को लेकर नंदबाबा के घर पहुंचे और



उनके वापस आते ही पहले जैसे ही सब हो गया।

यह बात संत नगर स्थित सिद्ध बाबा कालोनी स्थित सिद्ध बाबा मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के दौरान कथा व्यास बालेन्दु मिश्र प्रयागराज ने कही। कथा व्यास ने कहा कि भगवान सच्चे हृदय से पुकारने वालों की अवश्य सुनते हैं और इसके चलते ही उन्होंने कंस के अत्याचार से मुक्ति दिलाने धरा पर अवतार लिया। कथा के दौरान भगवान का जन्मोत्सव मनाया गया। जिसमें भगवान के बाल स्वरूप की झांकी बनाई गई और बधाई गीतों के बीच जन्मोत्सव मनाया गया। जैसे ही कथा व्यास ने भगवान श्रीकृष्ण के माता देवकी के गर्भ से कारागाह में जन्म लेने की कथा सुनाई पूरा कथा स्थल भगवान के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालु बाल स्वरूप भगवान के दर्शन पूजन को उमड़ पड़े। बधाई गीतों के बीच लोगों ने भगवान का पूजन किया और उनकी आरती उतारी गई। इससे पहले कथा व्यास डा. मिश्र ने भगवान की लीलाओं का वर्णन किया। भगवान के वामन अवतार सहित अन्य अवतार की कथा पर उन्होंने प्रकाश डाला। भगवान की आरती उतार प्रसाद वितरण के साथ कथा को विराम दिया। आयोजकों ने बताया कि गुरूवार को कथा स्थल पर भगवान की लीलाओं के साथ ही रूकमणि विवाह महोत्सव का भी आयोजन किया जाएगा

**जालपा देवी वार्ड, जाकिर हुसैन तथा रामजानकी हनुमान वार्ड में होंगे निर्माण**

# एक करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की दी सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी द्वारा नगरीय क्षेत्र में करोडों के विकास कार्यों की सौगात दी जा रही है। महापौर जनहित के विकास कार्यों और शहर के सौंदर्यीकरण के संकल्प को पूरा करने में निरंतर प्रयासरत है। गत दिवस महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी ने निगमाध्यक्ष मनीष पाठक वार्ड पार्षद ऍमआईसी मेंबर डॉक्टर रमेश सोनी की गरिमामयी मौजूदगी में जालपा देवी वार्ड स्थित सीसी रोड एवं सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन वार्ड की वरिष्ठ महिलाओ से कराकर शासन की मंशानुरूप महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहित किया है। जालपा वार्ड में लगभग 38 लाख की लागत से निर्माण कार्य किये जायेगे।। महापौर श्रीमति सूरी ने वार्ड की हेमलता बबली नामदेव चॉदनी रावत से भूमिपूजन कराया।



इस मौके पर एमआईसी सदस्य डॉ रमेश सोनी बीना बैनर्जी सुभाष शिब्बू साहू जय नारायण निषाद शशिकांत तिवारी पार्षद शकुन्तला सोनी सुमित्रा वार्ड के नागरिक गणों की उपस्थित रही।

### महापौर ने किया भूमिपूजन

महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी ने निगमाध्यक्ष मनीष पाठक की गरिमामयी मौजूदगी में 10 जनवरी को सायं 3 बजे डॉ जाकिर हुसैन वार्ड स्थित विभिन्न स्थानों में पेवर ब्लाक फ्लोरिंग रोड एवं नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन कराया यहाँ लगभग 45 लाख की लागत से निर्माण कार्य किये जायेगे।। महापौर श्रीमति सूरी ने वार्ड की प्राची तिवारी से भूमिपूजन करया।



इस मौके पर स्थानीय पार्षद रेखा संजय तिवारी एमआईसी सदस्य बीना बैनर्जी सुभाष शिब्बू साहू डॉ. रमेश सोनी जय नारायण निषाद शशिकांत तिवारी पार्षद शकुन्तला सोनी सुमित्रा रावत प्रभा गुप्ता उपयंत्री जेपी बघेल ठेकेदार अरूण हल्दकार नारायण प्रसाद तिवारी शंकर लाल तिवारी प्राचार्य मनोज शुक्ला रघुराज सिंह करन मिश्रा एवं वार्ड नागरिकगणों की उपस्थित रही।

इसके अलावा राम जानकी हनुमान वार्ड स्थित विभिन्न स्थानों में सीसी रोड निर्माण कार्य लगभग 23 लाख की लागत से भूमिपूजन किया गया। इस मौके पर कृष्ण कांत तिवारी राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी रामसेवक पयासी द्वारा भूमिपूजन करवाया गया जिसमें स्थानीय पार्षद रागिनी गुप्ता सहित नागरिक मौजूद रहे।

# शैक्षणिक कार्य करने में अक्षम शिक्षक को दिया जा रहा पूरा वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

बड़वारा संकुल अंतर्गत बछौली ग्राम में शासकीय प्राथमिक शाला में पदस्थ शिक्षक सन्तोष शर्मा जो कि विगत वर्षों से शारीरिक रूप से शाला आने जाने में असमर्थ हैं तथा शैक्षणिक कार्य करने में भी पूर्ण रूप से असमर्थ हैं इसके बावजूद बड़वारा संकुल प्राचार्य के द्वारा शिक्षक सन्तोष शर्मा को नियमित वेतन प्रदाय किया जा रहा है।

बम्हनगवां निवासी राजा राम पटेल ने जन सुनवाई में लिखित शिकायत देकर शिकायत की है कि शिक्षक सन्तोष शर्मा जो कि शैक्षणिक कार्यं करने में असमर्थ हैं फिर भी बड़वारा संकुल प्राचार्य शिक्षक शर्मा को नियमित वेतन प्रदान कर रहे हैं। शिकायती पत्र में मांग की गई है की शासन के नियमानुसार जो भी शासकीय कर्मचारी कार्य करने में असमर्थ है उसे 20 वर्ष की सेवा या 50 वर्ष की उम्र में अनिवार्य सेवा निवृत्ति किये जाने का प्रावधान है फिर भी अक्षम शिक्षक सन्तोष शर्मा को अनिवार्य सेवा निवृत्ति नही दी जा रही है जो कहि न कहीं शिक्षा विभाग के अधिकारियों का संरक्षण प्रतीत होता है। राजा राम पटेल ने कार्य करने में असमर्थ शिक्षक सन्तोष को अनिवार्य सेवा निवृत्त किये जाने की मांग की है ताकि छात्रों का भविष्य अंधकारमय होने से बचाया जा सके।

### इनका कहना है

इस संबंध में जुगल किशोर चौरसिया प्रभारी संकुल प्राचार्य बड़वारा का कहना है कि शिक्षक सन्तोष शर्मा के द्वारा मेडिकल बोर्ड से फिटनेस प्रमाण पत्र दिया गया है एवम जिस स्कूल में वे पदस्थ हैं वहां से महीने भर की उपस्थिति भी संकुल केंद्र में भेजी जाती है जिसके आधार पर उन्हें वेतन प्रदान किया जाता हैं।

## खबर संक्षेप

### आज युवा उत्सव

**पन्ना।** युवा दिवस 12 जनवरी को पूरे देश में मनाया जायेगा। राष्ट्रीय युवा उत्सव कार्यक्रम नासिक, महाराष्ट्र में आयोजित होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसका उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन कार्यक्रम पूरे देश में प्रसारित होगा। इस क्रम में राज्य स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन हॉल भोपाल में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम में पदक विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जायेगा। कार्यक्रम में युवा कलाकार कत्थक नृत्य, लोकगीत और लोकनृत्य की प्रस्तुति देंगे।

### भाषण प्रतियोगिता का आयोजन



**पन्ना।** नेहरू युवा केंद्र पन्ना के तत्वाधान में मेरा भारत विकसित भारत 2047 भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में डाइट प्राचार्य रविप्रकाश खरे सहित प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में चौताली चक्रवर्ती, कीर्ति खरे, प्रमोद खरे, सुमन खान, कविता खरे उपस्थित थीं। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहे मनीष त्रिपाठी, द्वितीय स्थान पर चयनित अमृता उरमलिया एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली स्नेहलता लोधी को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवक अनूप शर्मा एवं आदर्श कुशवाहा व सत्यम शर्मा का विशेष सहयोग रहा।

### बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम पर हुई कार्यशाला



**पन्ना।** महिला सशक्तिकरण सप्ताह की गतिविधि अंतर्गत आज वन स्टॉप सेन्टर पन्ना में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर विभिन्न अशासकीय संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अधिनियम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही बाल विवाह की रोकथाम के लिए उपस्थित प्रतिभागियों को शपथ भी दिलाई गई। कार्यशाला में वन स्टॉप सेन्टर की प्रशासक किरण खरे सहित किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य आशीष बोस एवं संरक्षण अधिकारी पवन साहू भी उपस्थित रहे।

### सलेहा में तीन दिवसीय श्री लीला समारोह 16 जनवरी से

**पन्ना।** संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन के सहयोग से पवित्र आस्था स्थल सलेहा में तीन दिवसीय श्री लीला समारोह 16 से 18 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में श्रीराम कथा के चरितों पर आधारित श्री हनुमान, भक्तिमति शबरी एवं निषादराज की लीला नाट्य प्रस्तुतियां होंगी।

### सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आज

**पन्ना।** स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस 12 जनवरी युवा दिवस के अवसर पर आयोजित सूर्य नमस्कार का मुख्य कार्यक्रम शहर के डायमण्ड हाईस्कूल में सुबह 9 बजे से 10.30 बजे तक होगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह शामिल होंगे। सूर्य नमस्कार आयोजन में जनप्रतिनिधि सहित अधिकारीगण, स्कूली छात्र-छात्राएं मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा।

### 7 वर्ष से फरार आरोपी स्थाई वारण्टी को पन्ना पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अमानगंज।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा स्थायी एवं गिरफ्तारी वारण्टों की अधिक से अधिक तामीली हेतु पन्ना जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

### छात्र-छात्राओं को कराई सिंगौरगढ़ की सैर

# हम सभी अपनी तरफ से प्रकृति के संरक्षण का प्रयास करें - कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर





जिले के सिग्रामपुर वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के अंतर्गत आज 'अनुभूति कार्यक्रम' के तहत यहां स्कूली छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को सिंगौरगढ़ किले समेत अन्य स्थानों की सैर कराई गई। उन्हें वन संपदा जैसे औषधीय पेड़-पौधों, कीमती लकड़ी, जंगली जानवरों सहित कई रोचक जानकारी दी गई। इस मौके स्कूली छात्र-छात्राओं ने अपनी जिज्ञासाएं भी रखीं। कार्यक्रम में केएन कॉलेज दमोह जबेरा महाविद्यालय प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को कलेक्टर मयंक अग्रवाल सुनील तिवारी डीएफओ महेंद्र सिंह उईके रेंजर आश्रय उपाध्याय ने छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित जनों को वन संरक्षण की शपथ भी दिलाई एवं प्रशस्ति पत्र का वितरण किया। कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने कहा वनों को संरक्षित करे, उन्होंने कहा पारिस्थितिकी तंत्र में शेर नहीं होंगे तो हो सकता है घास चरने वाले जानवर बढ़ जायेंगे, जिससे हो सकता है घास खत्म हो जायें, फिर भी वो मर जायेंगे। यदि घास चरने वाले जानवर न रहे तो शेर मर जायेंगे। शेर यदि जिंदा है तो इसका मतलब है कि चीजें अभी संतुलित है, यह एक इंडीकेटर है। इसलिये टाईगर रिजर्व अपने यहां बन रहा है। उन्होंने कहा हम सभी को अपनी तरफ से यही प्रयास करना चाहिए कि कैसे प्रकृति को बचायेंगे। वन मंडल अधिकारी महेंद्र सिंह उईके ने टाइगर रिजर्व के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी ने कहा किताबों में तो हम प्रकृति के बारे मे पढ़ते ही है, किताबों में पढ़ना और प्रेक्टिकली उसे देखने में बहुत ज्यादा अंतर होता है, आज आप सभी ने प्रेक्टिकली इन सभी चीजों को देखा है, जिससे हम प्रकृति को बहुत अच्छे से समझ रहे होंगे। जिला पंचायत सदस्य रजनी ठाकुर, मोंटू बाजपेई ने भी वनों को अध्यात्म से जोड़ते हुए बच्चो को पर्यावरण के प्रीति जागरूक किया। डीएफओ महेंद्र सिंह उइके ने कहा यदि स्कूली विद्यार्थी पर्यावरण के प्रति उत्तरदायी व्यवहार रखते हैं तो समाज में प्रकृति संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता स्वतः ही विकसित हो सकती है । विद्यार्थी पर्यावरण संरक्षण के संदेश के शक्तिशाली प्रचारक सिद्ध होंगे, इसी अवधारणा पर अनुभूति कार्यक्रम की परिकल्पना की गई है जिले मे 21 अनुभूति कार्यक्रम आयोजिय किए जाना है। यह पहला अनुभूति कार्यक्रम सिंगौरगढ़ दुर्ग के जलाशय के तट पर रखा गया था। जिसमे कलेक्टर पुलिस अधीक्षक जनप्रतिनिधियों में भाव सिंह ठाकुर जिला पंचायत सदस्य रजनी ठाकुर जबेरा वन समिति की सभापति श्रीमति अशोक रानी मोंटू बाजपेयी मुन्ना लाल सोनी ने विद्यार्थियों पर्यावरण तथा जैव विविधता संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाने अपने अपने विचार रखे। अनुभूति कार्यक्रम में कलेक्टर मयंक अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी, डीएफओ महेंद्र उइके भाव सिंह लोधी, वन समिति की सभापति श्रीमति अशोक रानी, जिला पंचायत सदस्य जबेरा श्रीमती रजनी ठाकुर, मुन्ना लाल सोनी, मोंटू बाजपेई, सिंग्रामपुर रेन्जर आश्रय उपाध्याय, डिप्टी रेंजर लाईक खान, जबेरा एवं के एन महा विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं छात्र-छात्राओं वन अमले की उपस्थिति रही।

# बटियागढ़ थाना प्रभारी पहुंची मॉडल स्कूल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बटियागढ

बटियागढ़ थाना में पदस्थ बटियागढ़ थाना प्रभारी नेहा गोस्वामी नगर के शासकीय मांडल हायर सेकंडरी स्कूल में पहुंची, जहां उनका माडल स्कूल परिवार द्वारा स्वागत किया गया। विधालय शिक्षिका पूजा असाटी ने उनका पुष्प गुच्छ तथा गुलाल लगाकर स्वागत किया साथ ही प्रधान आरक्षक रामकुमार यादव, शहजादपुरा सरपंच नरेंद्र कटारे का भी स्वागत किया गया। उन्होंने छात्र छात्राओं को गुड टच बेड टच, साइबर सुरक्षा, देह व्यापार, सड़क सुरक्षा, 18 वर्ष से कम उम्र में डाइविंग करना, कम उम्र में घर वालों के द्वारा शादी करने पर पुलिस को सूचना देना तथा शादी का विरोध करना तथा परिवार के लोगों को ड्राइविंग करते समय हेलमेट, लाइसेंस का प्रयोग करना, आवश्यक होने पर 100 नंबर का प्रयोग करना, बच्चों की सुरक्षा संबंधी 1098 नंबर लगाकर सूचना देना। आइपीसी के अंतर्गत कानून और सजा को छात्र छात्राओं को समझाया साथ ही छात्र छात्राओं को विधालय की सामग्री को नुक़सान न पहुंचाना तथा उन्होंने कहा कि छात्र छात्राओं को अपने जीवन में अनुशासन का पालन करना चाहिए। क्योंकि अनुशासन से व्यक्ति ऊंचाईयों को छू लेते हैं, उन्होंने कहा कि छात्र छात्राओं को शिक्षकों का हमेशा सम्मान करना चाहिए। क्योंकि शिक्षक राष्ट्र निर्माता होते हैं इस अवसर पर विधालय प्राचार्य अर्जुन पटेल ने उनका विधालय परिवार की ओर से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शिक्षक नीरज जैन, सोमवती पटेल, डीसी बैन पूजा असाटी ,शिल्पी असाटी, मनीराम यशिमता,ज्योति, प्रीति, ब्रिजेश, नरेंद्र, विजय आदि उपस्थित रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची ससना कला



**झलोन।** तेंदूखेड़ा ग्राम पंचायत ससना में विकसित भारत विकास संकल्प यात्रा में महात्मा गांधी मां सरस्वती की पूजा आरती कर कार्यक्रम में भारत सिंह की अध्यक्षता में शुभारंभ किया। जिसमें सभी विभागो के अधिकारी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग की ओर लगे कैंप से ग्रामीण ने लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष भारत सिंह लोधी, पंचम सिंह पूर्व सरपंच बैरागढ़, मुकेश जैन, रुपलाल विश्वकर्मा, नर्मदा प्रसाद दुबे, वृंदावन पटेल, गोविंद पटेल, परशु पटेल, झाम सिंह, थम्मन सीग, सरपंच चंद्रभान दुबे, सचिन संजय मिश्रा, रोजगार सहायक सत्यम पटेल सैकड़ों लोगों की मौजूदगी रही।

# नवोदय स्कूल में हुआ स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण



**हटा।** नवोदय विद्यालय हटा अध्यक्ष/कलेक्टर श्री मयंक अग्रवाल द्वारा निर्देशित कार्यक्रम के तहत 120 छात्र छात्राओं का नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण सिविल अस्पताल हटा की डॉक्टर श्रीमती भावना जैन, दंत चिकित्सक डॉ मनीष बहेरिया एवं नेत्र चिकित्सा सहायक अरविंद कुमार नेमा तथा समाजसेवी व प्रशिक्षित नेत्र चिकित्सा सहायक आनेश जैन द्वारा किया गया। विद्यालय के सभी बच्चे सामान्य स्वस्थ पाए गए तथा 22 बच्चों को चश्मा लगना पाया गया। जिन्हे जिला अंधत्व नियंत्रण समिति दमोह द्वारा निशुल्क चश्मे उपलब्ध करा दिए जाएंगे। स्वास्थ्य परीक्षण कार्य में प्राचार्य अशोक त्रिपाठी एवं विद्यालय की स्टाफ नर्सिंग ऑफिसर श्रीमती विशेषता बानो का सहयोग सराहनीय रहा।

# मजदूरों का हक छीनकर जेसीबी मशीन से नाली निर्माण कार्य



**हटा।** जनपद पंचायत हटा अंतर्गत आनें वाली ग्राम पंचायत मडियादो में मनरेगा के 15 वें वित्त से स्वीकृत नाली का निर्माण कार्य मजदूरों की जगह मशीनों से कराए जानें का मामला सामने आया है जहां ग्राम पंचायत के मुखिया द्वारा अपनी मनमर्जी के चलते शासन के नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। देखा जाए तो जिस काम के लिए मजदूरों को मजदूरी का कार्य करनें की आस लगी रहती है उस काम को मशीनों द्वारा दो दिन में कराकर उन्हीं मजदूरों के नाम पर फर्जी मस्टर डालकर राशि आहरित कर ली जाती है और मजदूरों के हक पर पंचायत के जिम्मेदार चूना लगानें में जुटे हुए है। मामला ग्राम पंचायत के इंदिरा आवास योजना कालोनी का सामने आया है जहां मनरेगा के 15वें वित्त से स्वीकृत 4 लाख 53 हजार से नाली निर्माण कार्य कराया जाना था लेकिन 15वें वित्त से जो भी कार्य कराए जाते है उसमें मजदूरों से कार्य करानें स्पष्ट निर्देष है लेकिन ग्राम पंचायत के सरपंच द्वारा नाली निर्माण कार्य में जेसीबी मशीन से कराया जा रहा है जो नियम विरूद्ध है वही ग्राम के लोगो का कहना है नियम विरूद्ध कार्य जो कराया जा रहा है उसमें मजदूरों की जगह मशीनों से कराए जा रहे निर्माण कार्य की जांच हो। वही यह संबंध में जनपद सीईओ बीएस यादव का कहना है कि मशीनों से कराए जा रहे कार्य की जांच कराई जाएगी एवं मनरेगा का कार्य मजदूरों की जगह मशीनों से कराया जा रहा है तो जो भी दोषी होगा कार्यवाही की जाएगी।

# संकल्प यात्रा में पंहुची विधायक



**सगोनी।** मोदीजी की गारन्टी विकसित भारत संकल्प यात्रा पटेरा ब्लॉक के ग्राम सगोनी, खमरिया पंचायत मे यात्रा पहुंची जिसमें हटा विधायक उमादेवी खटीक व समस्त भाजापा कार्यकर्ता एंव म.प्र.शासन के कर्मचारी व अधिकारियो की मौजूदगी रही जिसमें उन्होंने शासन की समस्त योजनाओं के बारे में हितग्राहियों को विभिन्न प्रकार की जानकारियां दी ग्राम के लोगो को विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य के बारे में बताया साथ ही अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभागों की कल्याणकारी योजना के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। कार्यक्रम मे जनपद पंचायत पटेरा, कृषि विभाग, राजस्व विभाग, वन विभाग, स्वास्थ विभाग, महिला बाल विकास, जल निगम, उधानिकी विभाग, उज्जवला योजना, शिक्षा विभाग, विद्युत विभाग,जन जातीय कार्य विभाग, नोडल अधिकारी डी.के. श्रीवास्तव, सगोनी सरपंच संतोषरानी-प्रकाश सोनी, खमरिया सरपंच रामकुमार आदिवासी, सचिव मुन्ना सिंह राजपूत, सहायक सचिव प्रमोद महरा, गोविन्द तिवारी, रवि पटैल, राजेन्द्र राजपूत, मुलाम राय, रामसागर तिवारी, विष्णु सोनी, समस्त ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

# कुष्ठ रोगों की रोकथाम हेतु शिविर का हुआ आयोजन



**हटा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर सरोजिनी जेम्स बैक एवं जिला कुष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रीता चटर्जी के निर्देशन में सिविल अस्पताल हटा में पीओडी कैंप का आयोजन किया गया।कैंप का आरंभ महात्मा गांधी जी के चित्र पर फूल माला अर्पित कर दीप प्रज्वलित मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी के द्वारा किया गया।जिसमें ब्लॉक के कुष्ठ रोग विकृति वाले मरीजों को जल तेल उपचार विधि द्वारा विकृति के फैलाव से बचाव के बारे में जिला अस्पताल दमोह के फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर रजनीश गांगरा द्वारा जल एवं तेल की मालिश तथा व्यायाम का प्रदर्शन करके बताया गया एवं लाभार्थियों को इस उपचार से संबंधित सामग्री एवं दवाई उपलब्ध कराई गई।इस कार्यक्रम में डॉक्टर आर पी कोरी डॉक्टर एस जैन, पर्यवेक्षक बी एल तंतुवाय, काउंसलर अनिल कुमार, दशरथ प्रसाद कोरी और अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

# भितरी-मुटमुरू बांध व कैनाल के निर्माण को लेकर समय पर देंगे अंजाम

पन्ना।

जिले की राजनीति में युवा तेज तर्रार छवि को लेकर डॉ. राजेश वर्मा गुनौर विधायक जाने जाते है। जिनकी स्वयं की सोच किसानों को पानी और युवाओं को रोजगार दिलाने के नाम पर लक्ष्य के साथ है। वहीं चुनावी समय में भी इनका वादा चर्चा में आया था। सच्चाई को लेकर आज भी भितरी-मुटमुरू डेम जो एक बार फूटने के बाद दूसरी बार बनने का इंतजार कर रहा है। वहीं गुनौर विधायक से आम जनता व किसानों को है उम्मीद भितरी-मुटमुरू बांध को बनने को लेकर।

गुनौर विधानसभा क्षेत्र के किसानों की तकदीर बदलने को लेकर भितरी-मुटमुरू बांध व कैनाल के निर्माण को लेकर माना जा रहा है। यह बांध बुन्देलखण्ड पैकेज से लगभग 2013 में बनाया गया था। जो पहली बार बनने के बाद पहली ही बारिश में पत्ते की तरह ढह गया था। बांध फूटने के बाद कार्यवाही चर्चाओं में जरूर रही वहीं दूसरी बार बांध के बनाये जाने को लेकर अब वह जमीन जहां बांध बनाया गया था कितनी जमीन डूब में आती थी उसमें फारेस्ट की जमीन निकल आई पहले जब बांध बना था तब यह जमीन अधिकारियों को नजर नहीं आई। आखिर बांध फूटने के बाद यह जमीन फारेस्ट के एनओसी व बदले में जमीन की कार्यवाही को लेकर बांध को ठण्डे बस्ते में कार्यवाही को लेकर ही तय कर दिया गया। अब गुनौर विधानसभा से विधायक डॉ. राजेश वर्मा के बनने के बाद निश्चितौर पर भितरी-मुटमुरू डेम बनने के आसार उम्मीदों को लेकर माने जा रहे है। वहीं चुनावी वादे का समय कहें या कि इनकी सोच जहां किसानों को पानी व युवाओं को रोजगार को लेकर चर्चा में है। सबसे बड़ी सौगात गुनौर विधानसभा को सिचाई की सुविधा को लेकर भितरी-मुटमुरू डेम व कैनाल बनने के बाद सामने आयेगी।

# दुर्घटना रोकने के लिए वाहन चेकिंग अभियान



**बनवार।** नोहटा थाना क्षेत्र दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे सड़क पर दुर्घटना को रोकने के लिए नोहटा थाना प्रभारी अरविंद सिंह के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी ने पुलिस बल के साथ बिना लाइसेंस बगैर हेलमेट और तीनों लोगों को बैठाकर बाइक चलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाया वही फोर व्हीलर में सीट बेल्ट नहीं लगाने वाले लोगों को रोक कर समझाइश दी गई। वही बड़े वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की नसीहत दी गई। इस दौरान थाना पुलिस ने मार्ग से गुजरने वाले सभी वाहनों के कागजातों और चालकों की गहन जांच की जांच के हवाले से थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने खासकर बाइक चालकों के हेलमेट ट्रिपल लोडिंग ड्राइविंग लाइसेंस एवं नशा पान बगैर सीट बेल्ट लगाएं चालकों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही। थाना प्रभारी ने सड़क सुरक्षा नियमों को अवगत कराते हुए कहा कि हेलमेट और जरूरी कागजात होने के बाद भी यदि नशे की हालत में वाहन चलाते हुए पकड़े गए तो वाहन जप्त कर दोषी चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### फरार आरोपी पर ईनाम घोषित

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी ने दमोह जिले के 01 प्रकरण में फरार आरोपी पर डेढ़ हजार रूपये का ईनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक श्री सुनील तिवारी ने प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये जिले के थाना कोतवाली के अपराध क्रमांक 925/2023 धारा 306 भादवि 3/4 घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत फरार आरोपी लोकमन पिता स्व. गिरधारी लाल चौरसिया, उम्र 31 साल निवासी महाकाली चौराहा फुटेरा मोहल्ला दमोह पर डेढ़ हजार रूपये का ईनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक श्री तिवारी ने जानकारी दी है कि उक्त मामलों में जो कोई व्यक्ति /कर्मचारी/ अधिकारी फरार आरोपी को गिरफ्तार करेगा या करायेगा या ऐसी सूचना देगा जिससे फरार आरोपी की गिरफ्तारी संभव हो सकेगी, ऐसे व्यक्ति को पुलिस अधीक्षक द्वारा नगद पुरूस्कार से पुरूस्कृत किया जायेगा।

### राज्य मंत्री श्री लोधी आज आएंगे

**दमोह।** प्रदेश के संस्कृति पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार ) धर्मेंद्र सिंह लोधी आज 12 जनवरी को जिले के ग्राम नोहटा आएंगे और जबेरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार ) श्री लोधी आज 12 जनवरी की प्रातः 9 बजे स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नोहटा में आयोजित सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे । आप प्रातः 10:30 बजे अपने निज निवास नोहटा में आमजन एवं कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे तदोपरांत दोपहर 12 बजे नोहटा से ग्राम धनेटा माल झलौन के लिए प्रस्थान करेंगे और दोपहर 1 बजे धनेटा माल झलौन में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल होंगे। आप ग्राम धनेटा माल झलौन से अपरान्ह 2 बजे तारादेही के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 2:30 बजे तारादेही आगमन एवं गोवर्धन नर्सरी में कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे। श्री लोधी शाम 4 बजे तारादेही से नोहटा के लिए प्रस्थान कर शाम 5:30 बजे नोहटा अपने निज निवास पहुंचेंगे जहां रात्रि

### गुलाब सिंह बडेपुरा वालों का निधन

**हिण्डोरिया।** नगर के प्रतिष्ठित बडेपुरा परिवार के वरिष्ठ सदस्य, ठाकुर महेन्द्र सिंह, ठाकुर सुरेन्द्र सिंह (पप्पू ठाकुर) के पिता एवं रिटायर्ड रेल्वे कर्मी श्री गुलाब सिंह लोधी का 75 वर्ष की आयु मे हृदय गति रुकने के चलते निधन हो गया। उनकी शवयात्रा मे सभी वर्गों के लोगों ने भाग लिया।

### ओवरब्रिज पर रफतार का कहर, बेटे की हालत गंभीर

# बस ने बाइक सवार दंपत्ति को टक्कर मारी, महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

हादसों को निमंत्रण देते ओवरब्रिज के गड्डो तथा अराजक यातायात ने एक निर्दोष महिला की जिदंगी छीन ली। पथरिया फाटक ओवर ब्रिज पर गड्डो के साथ रफ्तार का कहर दिन में अनेक बार वाहन दुर्घटनाओं तथा हादसों की वजह बनता है वही जरा सी सावधानी घटी और दुर्घटना घटी के हालात बनते देर नहीं लगती।



गुरुवार दोपहर ऐसे ही कुछ हालातो के बीच दमोह से हटा तरफ जा रहे बाइक सवार दंपति को पथरिया फाटक ओवर ब्रिज पर पीछे से आ रही है बस में टक्कर मार दी। जिससे बच्चे के साथ बाइक से सड़क पर गिरी महिला बस के पहिए की चपेट में आ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई वही उसके बेटे की हालत गंभीर बनी हुई है। एक्सीडेंट के बाद पथरिया फाटक ओवरब्रिज पर जम के हालात निर्मित होते देर नहीं लगी वहीं महिला को जब तक अस्पताल पहुंचाया जाता तब तक काफी देर हो चुकी थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सागोनी कला निवासी अमर सिंह अपनी पत्नी हीराबाई और दो बच्चों के साथ बाइक से मेनबार जा रहे थे। इसी दौरान गुरुवार दोपहर पथरिया फाटक ओवर ब्रिज को पार करते समय उनकी बाइक को पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस ने टक्कर मार दी। तथा बाइक से गिरी हीराबाई तथा बेटे आदित्य को अपनी चपेट में ले लिया। जबकि बाइक को चला रहे है अमर सिंह तथा आगे बैठा एक बच्चा सुरक्षित बच गया। महिला हीराबाई को जिला अस्पताल ले जाने पर मृत्यु घोषित कर दिया गया है बच्चे आदित्य का इलाज जारी है। वही इस दर्दनाक घटनाक्रम से अमर सिंह के परिवार में कोहराम जैसे हालात बने हुए हैं। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौपा जाएगा। लेकिन इस घटनाक्रम ने पथरिया फाटक ओवरब्रिज पर हादसों को निमंत्रण देते गड्डो तथा अराजक यातायात के हालत की पोल खोल कर रख दी है।

## अयोध्या धाम तक बालों से रथ खींच कर ले जा रहे बद्री



**दमोह।** जिले के बटियागढ़ से बद्री विश्वकर्मा अपने साथी के साथ बालों की चोटी में रस्सी बांधकर प्रभु श्री राम के रथ को पैदल खींचते हुए अयोध्या धाम के लिए रवाना हो गए हैं। गुरुवार दोपहर बटियागढ़ के श्री राम मंदिर से उन्होंने अपनी अनूठी संकल्प यात्रा प्रारंभ की इस दौरान साकेत धाम के महंत सहित बड़ी संख्या में भक्त जनों की मौजूदगी रही। दमोह के खली के नाम से मशहूर बद्री विश्वकर्मा ने बताया कि उन्होंने संकल्प लिया था कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनने के बाद वह अपने-अपने बालों की चोटी से रथ को खींचते हुए पैदल अयोध्या तक ले जाएंगे। बटियागढ़ से अयोध्या की दूरी करीब 500 किलोमीटर है ऐसे में प्रतिदिन लगभग 50 किलोमीटर की दूरी वह रथ को खींचते हुए तय करेंगे। यात्रा के शुभारंभ अवसर पर लोगों के बीच में जमकर उत्साह भरा माहौल देखने को मिला।

### संकट में इंडियन गिद्ध लेकिन सर्वाधिक संख्या रानी दुर्गावती टाईगर रिजर्व में मौजूद

# देश में गिद्धों की नौ प्रजातियों में से सात नौरादेही में मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

प्रकृति के सबसे बड़े सफाईकर्मी कहे जाने वाले गिद्धों पर संकट मंडरा रहा है लेकिन इसी बीच दमोह सागर से अच्छी खबर सामने आई है देश में पाए जाने वाली गिद्धों की नौ प्रजातियों में से 7 सात मध्यप्रदेश में है और गिद्धों की यह सभी सात प्रजातियां प्रदेश के सबसे बड़े वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में मौजूद हैं यह दावा खुद टाइगर रिजर्व के आला अधिकारियों ने किया है इतना ही नहीं अधिकारियों का कहना है कि इस समय जो इंडियन वल्चर सबसे ज्यादा खतरे में है टाइगर रिजर्व में सबसे ज्यादा संख्या भी उसी प्रजाति की है पूर्व में हुई गणना में गिद्धों की संख्या तीन सौ से भी ज्यादा थी लेकिन टीम द्वारा किए जा रहे निरीक्षणों में यह स्थिति सामने आई है कि गिद्धों के निवास स्थान के साथ उनके घोंसलों की संख्या में भी इजाफा हुआ है टाइगर रिजर्व कार्यालय के अनुसार सबसे ज्यादा गिद्धों का बसेरा नरसिंहपुर जिले में आने वाले डोंगरगढ़ गांव स्थित गीध कांच क्षेत्र में देखा गया है



यह सात प्रजातियां हमारे यहां

टाइगर रिजर्व के उप संचालक कार्यालय के अनुसार हमारे यहां जो सात प्रकार के गिद्ध मौजूद हैं, उसमें चार स्थानीय और तीन प्रवासी गिद्ध की प्रजातियां शामिल हैं। स्थानीय गिद्धों में इंडियन या लांग विल्ड वल्चर, चमर या व्हाइट बैक्ट वल्चर, रेड नेक्ड या किंग वल्चर और इजिप्शीयन या व्हाइट वल्चर शामिल हैं, वहीं प्रवासी गिद्धों में यूरेशियन, हिमालयन और सिनेरिसय वल्चर शामिल हैं। अधिकारियों का कहना है कि इन सात के अलावा देश में पाए जाने वाली केवल दो प्रजाति स्लेंडर बिल्ड वल्चर और लामगायर वल्चर मप्र में नहीं पाए जाते।

### वह पेड़ भी चिह्नित करेंगे जिन पर गिद्धों का बसेरा

गिद्धों की गणना को लेकर वन विभाग ने तैयारियां शुरू कर दीं हैं। साल 2024 में गिद्धों की दो बार गणना होनी है। जिसमें पहली फरवरी व दूसरी अप्रेल में होगी, इसको लेकर प्रशिक्षण भी शुरू हो गया है। अधिकारियों का कहना है कि सटीक गणना के लिए एक ही स्थान पर तीन बार जाकर गिनती करेंगे। इसमें जमीन या पेड़ों पर बैठे गिद्धों की ही गणना की जाएगी। इसके अलावा इस बार की गणना के साथ उन पेड़ों की प्रजातियों को भी चिन्हित किया जाएगा, जिन पर गिद्ध अपना बसेरा बनाते हैं, जिससे भविष्य में उस प्रजाति के पेड़ों की संख्या बढ़ाई जा सके

### फरवरी में होगी गणना

वहीं बताया गया है कि ठंड के दिनों में हर दो साल में होने वाली गिद्धों की गणना इस साल फरवरी में होगी पूरे प्रदेश में एक ही दिन होने वाली गणना के लिए टाइगर रिजर्व सहित जिले के अधिकारी और कर्मचारी 15 फरवरी को प्रशिक्षण में गणना के गुर सीखेंगे अधिकारियों ने बताया कि यह समय मादा गिद्धों के अंडे देने का समय है 50से55 दिनों में अंडों से उनके बच्चे निकलेंगे यही समय गणना के लिए उपयुक्त माना जाता है इसलिए फरवरी के दूसरे सप्ताह में गणना हो सकती है गिद्धों की गिनती सूर्योदय के साथ शुरु होगी और इसे धूप निकलने से पहले पूरी करनी होगी

### संकट में इंडियन गिद्ध

भारत में गिद्धों की 9 प्रजातियां पाई जाती हैं, जिसमें से सात हमारे टाइगर रिजर्व में मौजूद हैं। अच्छी बात यह है कि इस समय सबसे ज्यादा संकट में इंडियन गिद्ध हैं और इन्हीं की संख्या हमारे यहां सबसे ज्यादा है। पाई गई है।

*डॉ. एए अंसारी, डीएफओ वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व*

### राज्य शासन ने सुबह 10 बजे स्कूल खोलने के दिए थे आदेश

# शासन के आदेश की कर रहे अवहेलना, सुबह 9 से संचालित हो रहे विद्यालय

**हटा।** इन दोनों सुबह से ही कोहरा और शीतलहर के प्रकोप से जनजीवन अस्त व्यस्त है वही मौसम को देखते हुए स्कूली छात्र-छात्राओं को राहत देने के लिए प्रातः 10 बजे स्कूल खोलने राज्य शासन ने आदेश जारी किया था लेकिन नगर की कुछ प्राइवेट स्कूलों में आदेश का पालन नहीं किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी और राज्य शासन ने अलग-अलग आदेश जारी किए हैं। ज्ञातव्य हो कि राज्य शासन के आदेश अनुसार जिला शिक्षा अधिकारी दमोह द्वारा विगत 8 जनवरी को आदेश जारी कर ऐसे समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय जो जल्दी सुबह से संचालित होते हैं वे प्रातः 10 बजे से 20 जनवरी तक संचालित किए जाने का आदेश जारी किया गया था। लेकिन हटा नगर में संचालित लिटिल ड्रॉप्स पब्लिक स्कूल, महावीर सरस्वती शिशु मंदिर, साई वैली पब्लिक स्कूल जिला प्रशासन के आदेश की अवहेलना कर सुबह 9 बजे से स्कूलों का संचालन हो रहा है। चूंकि 8 जनवरी को राज्य शासन के आदेश का पालन तो नहीं हुआ परंतु। तीन दिन बाद 11 जनवरी को भी ऐसे ही हालत इन स्कूलों में देखे गए। फल स्वरुप राज्य शासन के आदेश का पालन गुरुवार तक भी नहीं किया जा सका है। और पूर्व की भांति ही इन स्कूलों का संचालन किया जा रहा है। नगरीय जन शिक्षा केंद्र के अंतर्गत नगर के स्कूलों हेतु जन शिक्षक बीएससी व बीआरसी कार्यरत हैं लेकिन उन्होंने भी राज्य शासन के आदेशों का पालन करने की जरूरत महसूस नहीं की और न ही किसी स्कूल में निरीक्षण के लिए पहुंचे। जिससे निजी स्कूल खुद के आदेशों पर अपने स्कूल संचालित कर रहे हैं। जन शिक्षक देवेंद्र राजपूत ने बताया कि व्हाट्सएप ग्रुप पर मैसेज डाल दिया गया था सब ने पढ़ लिया है और बुधवार को सभी स्कूलों की बैठक भी बुलाई गई थी जिसमें भी शासन के निर्देशानुसार स्कूल संचालित करने के लिए निर्देशित किया गया था वहीं ब्रा हरीश अहिरवार का कहना था कि मैं आवश्यक मीटिंग में भोपाल आया हूं और शासन के आदेशानुसार स्कूलों की संचालन के निर्देश दिए गए हैं।

# पीएम ग्रामीण आवास योजना में भ्रष्टाचार चर्चाओं में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना ग्रामीण क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण योजना जिसका मुख्य उद्देश्य हर गरीब व मध्यम वर्ग के परिवार को एक पक्की छत मुहैया की जा सके एवं इसकी प्राथमिकता सबसे पहले वर्ष 2011 के अनुसार पात्रता सूची में नाम दर्ज हो प्राथमिकता जिनके आवास घास-फूंस की झोपड़ी,टीन-टपरों,खपरैल एवं आदिवासियों वर्ग के परिवारों को सबसे पहले लाभ सुनिश्चित किया गया था। अब तक करीब 15000 स्वीकृत आवास हुए व रिकॉर्ड में 12450 पूर्ण हुए आवास प्लस में 10255 नाम जुड़े वर्तमान स्थिति में इसका 2432 हितग्राहियों को लाभ पहुंचा एवं रिकॉर्ड में 1914 का पूर्ण हुई। पीएम आवास ग्रामीण योजना के पूर्व से भी निरन्तर इंदिरा गांधी आवास योजना,मुख्यमंत्री ऋण आवास योजनाओ के बाबजूद भी वर्तमान स्तिथि मे भी प्रतेयक पंचायत में कच्चे मकान देखने को मिलेंगे और हितग्राहियों को आज दिनांक तक लाभ नहीं मिल पाया। महत्वपूर्ण बात यह भी है कि वर्ष 2011 की पात्रता सूची में लोगों के नाम होने के बाद भी पंचायत व योजना शाखा प्रभारी को धनलाभ न होने से उन्हें सूचना अवगत किए बिना अपात्र घोषित कर दिया गया जनपद पंचायत में पदस्थ नियम विरुद्ध तरीके से अपात्र व्यक्तियों को लाभ पहुंचाया गया है साथ ही नियमानुसार बात की जाएं तो 2011 की एसएससी सूची में जो पीएम आईडी में वृद्ध 98 साल उम्र चढ़ी हुई है मृत हो चुके हैं उनको भी आवास दिला दिया वही इस प्रकार के मामले जिनमे 8 साल के बच्चों को भी आवास का लाभ दे दिया मामले की शिकायत के बाद जांच जनपद पंचायत स्तर एवं जिला स्तर पर हुई तो अपात्र पाए गए हैं, कुछ हितग्राहियों की महिला की जगह पुरुष को आवास दे दिए उन लोगों को भी आवास दिए गए हैं जिनके पास ढाई एकड़ सिंचित जमीन से अधिक है एवं भूमि मालिक के साथ पांच एकड़ से अधिक भूमि कर रहे हैं उनको भी आवास दे दिए हैं। कई ग्राम पंचायत में ऐसे भी हितग्राहियों को आवास दिए हैं जो पति-पत्नी है और परिवार आईडी एक ही है उनको भी अलग अलग आवास आवंटन कर दिए गए । जनपद में आवास योजना का हाल भी स्वच्छ भारत अभियान के शौचालयों जैसे बनती दिख रही है आवास उन लोगों को भी दिया जिनके पास 34 एकड़ जमीन है, ट्रैक्टर, चार पहिया वाहन, हार्वेस्टर धारक ऐसे हितग्राहियों को भी आवास दिए हैं जो कहीं से भी पात्र नहीं है कई आवासों की राशि वसूली की गई परंतु सिर्फ कागजों में सीमित रही वही राशि पुनः उन्ही खातों में द्वारा डाल दी गई। क्या शासन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी निष्पक्ष जांच कर पायेंगे। वही इस संबंध में संचालक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण विकास आयुक्त भोपाल मध्यप्रदेश डॉ केदार सिंह इनका कहना है कि आपके द्वारा जानकारी प्राप्त हुई है आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## चिकित्सा शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मायसैम सीमेंट हैडलबर्ग फैक्ट्री द्वारा ग्राम सुहाव व ऊमरी में मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन कंपनी की सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति उसकी निरंतर प्रतिबद्धता के हिसाब से किया गया था। जिसका उद्देश्य गांव के निवासियों को महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना था। इस चिकित्सा शिविर में सुनील कुमार,यूनिट हेड ने मार्गदर्शन और उपस्थिति प्रदान की। दवा वितरण आवश्यकतानुसार और चिकित्सा दल के प्रेस्क्रिप्शन के आधार पर आवश्यक दवाओं का वितरण किया गया। यह पहल हैडलबर्ग सीमेंट कंपनी की कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी की प्रतिबद्धता को प्रकट करती है। गांव में मुफ्त और गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाओं की पेशेवरता से, कंपनी का उद्देश्य गांव की महत्वपूर्ण चिकित्सा आवश्यकताओं का समाधान करना था और गांव वालों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने में योगदान करना था। कंपनी से दीपक ठाकुर ने बताया कि यह शिविर ग्रामवासियों के लिए आयोजित किया गया है। शिविर के आयोजन में मुख्य भूमिका डॉक्टर रूचि देवांगन,एच.आर अनिल शर्मा और वेदमणि दुबे ने निभाई। प्लांट से दीपक ठाकुर ने बताया कि कंपनी इस तरह के कार्यों में सामाजिक उत्तरदाईयता को निरंतर बढ़ाती जा रही है और आगे भी ऐसे कार्यों की योजना है।

## 37 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस हुए जारी

**दमोह।** जिले के विभिन्न अधिकारियों के स्तर से माह दिसम्बर 2023 की सीएम हेल्पलाईन शिकायतों में निर्धारित समय अवधि में निराकरण प्रतिवेदन दर्ज नही किये जाने के आरोप में 37 अधिकारियों को कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने कारण बताओ नोटिस जारी किये हैं। सीएम हेल्पलाईन में 08 जनवरी 2024 की प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट में जिले का नॉट अटेंडेंट शिकायतों का कुल वेटेज स्कोर 10 में से 09.78 प्रतिशत रहा है। जिसमें कुल 149 शिकायतें अनिराकृत होकर उच्च स्तर पर पहुँची है। इस संबंध में कलेक्टर द्वारा लगातार निर्देशित किया जा रहा है कि समस्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में अटेण्ड करते हुए निराकरण प्रतिवेदन दर्ज किया जाये। किंतु कतिपय अधिकारियों द्वारा शिकायतों के निराकरण निर्धारित समय-सीमा में दर्ज न किए जाने के कारण शिकायतें अनिराकृत रहकर उच्च स्तर पर पहुंचने से जिले की मासिक ग्रेडिंग पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। जारी किये गये नोटिस के माध्यम से 3 दिवस में अधिकारियों से उत्तर मांगा गया है कि क्यो न उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाये। निर्धारित समय पर उत्तर प्राप्त न होने की दशा में संबंधित के विरूद्ध एकपक्षीय कार्रवाई की जायेगी।

## साक्षी तंतुवाय का सहायक यंत्री लोक निर्माण विभाग पद पर चयन




**दमोह।** जिले के हटा तहसील में पी.एल. कोरी के यहां जन्मी साक्षी तंतुवाय ने म.प्र. लोक सेवा आयोग राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा 2021 अंतर्गत सहायक यंत्री (सिविल) के लिये आयोजित साक्षात्कार में सफलता अर्जित की है। इसके पहले साक्षी ने वर्ष 2021 में आयोजित संघ लोक सेवा आयोग के इंजीनिरिंग सिविल सेवा में 67 वां रेंक हासिल कर रक्षा मंत्रालय में असिटेंट एजिकेटिव इंजीनिय (सिविल) ग्रुप-ए अंतर्गत अपनी सेवायें दे रही हैं। साथ ही सहायक यंत्री के पद पर भी नर्मदा विकास प्राधिकरण में भी इनका चयन पीएससी के माध्यम से हो चुका है। साक्षी की छोटी बहिन नेहा तंतुवाय ने भी तेलंगाना बारांगल नेशनल टेक्नालांजी स्टीट्यूट ( एनआईटी ) से इंजीनियरिंग में शिक्षा हासिल कर माइक्रोसाफ्ट कंपनी हैदराबाद में अपनी सेवायें दे रही है। इन दोनों बहिनों से छोटा भाई मोहित कुमार तंतुवाय भी सर गंगाराम इंस्टीट्यूटी इंदौर से इलेक्ट्रानिक इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे है। ततुवाय समाज के इन बच्चों की सफलता पर समाज के वरिष्ठ डीपी कठल, लखन तंतुवाय, निर्भय कोरी, वाई.ए.कुरैशी, प्रकाश कोरी, वाई.के.कोरी, रामगोपाल तंतुवाय, शारदा प्रसाद कोरी, रमा कोरी, उमा तंतुवाय, प्रेम तंतुवाय सहित समाज के नागरिकों ने शुभकामनायें दी है।

## स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा भेंट की



**दमोह।** स्वामी विवेकानंद के अवतरण दिवस के एक दिन पूर्व विवेकानंद चौराहे डिसट्रिक्ट मजिस्ट्रेट बगला के सामने विश्व हिंदू परिषद जिला सेवा प्रमुख अजय मिश्रा के द्वारा स्वामी विवेकानंद सेवा विकास एवं उत्थान समिति दमोह के अध्यक्ष शैलेंद्र परिहार को विवेकानंद की प्रतिमा भेंट की गई। विवेकानंद जयंती के उपलक्ष में वृक्षारोपण एवं शाम को 251 दीपक प्रज्वलित किए जाएंगे जिसमें प्रतिमा भेंट करने के समय उपस्थित रहे। विश्व हिंदू परिषद नगर अध्यक्ष पं राम मिश्रा, बजरंग दल जिला संयोजक शम्भू विश्वकर्मा, वीरेंद्र विश्वकर्मा, राहुल कुमार, नितिन शर्मा, प्रीति वर्मा के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## खदान माफियाओं से परेशान किसानों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**जबेरा।** तहसील के पटवारी हल्का 30 ग्राम बडगुवा के किसान खदान माफियाओं की गुंडागर्दी से परेशान होकर अपनी कृषि भूमि को सुरक्षित करवाने की मांग को लेकर तहसीलदार जबेरा के पास पहुंचे है और एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में किसानों ने उल्लेख किया है कि पुरखों की कृषि भूमि पर खदान माफिया खदान लगाना चाहते और भूमि खाली करवाने के लिए किसानों को परेशान करते हुए भूमि खाली नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे है। तहसीलदार को दिए ज्ञापन में किसान जमुना प्रसाद पिता लक्खू महोबिया निवासी बडगुवा पटवारी हल्का 30 ने बताया मेरे पूर्वजों द्वारा 3:30 एकड़ भूमि पर खेती की जा रही है। जिसका शासन के द्वारा 1976 में पट्टा प्रदान किया गया था। जिसका खसरा नंबर 06 रखवा 1, 40 है जिस पर वर्तमान में खेती कर रहा हूं। पत्थरों की खदान संचालित करने वाले खदान माफिया के द्वारा धमकी दी जा रही है यह भूमि मेरी है तुम्हारी नहीं है। खाली करो मना करने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। जबकि उक्त भूमि पर शासन के द्वारा कूप निर्माण सहित अन्य शासन की योजनाओं का लाभ मेरे द्वारा लिया गया और शासन से प्रदत्त पट्टा भी है। लेकिन खदान माफिया खदान लगाने के चक्कर में मेरी भूमि पर जबरन कब्जा करना चाहता है। वही दूसरा मामले की शिकायत किसान वीरेंद्र पिता बहादुर सिंह लोधी ग्राम बड़गुवा पटवारी हल्का 30 के द्वारा की गई है। खसरा नंबर 603 रखवा 0.400 हेक्टेयर पर बरसों से अवैध पत्थर की खदान संचालित है मेरे मना करने के बावजूद अवैध उत्खनन किया जा रहा है। किसानों के द्वारा अवैध उत्खनन पर रोक लगाने की मांग करते हुए उनकी कृषि भूमि पर से अवैध खदान माफिया का कब्जा हटवाने की मांग की गई है।